# स्वरोजगार के लिए ट्रेंड हो रहीं हैं महिलाएं

नवादा | हिन्दुस्तान संवाददाता

शहरी रोजगार योजना अंतर्गत महिलाओं को कम्प्यूटर व ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग देने का कार्य शुरू की गयी है। शहर के वार्ड 8 में इमामबाड़े के समीप एसजीएसवाई योजना से ट्रेनिंग देने की व्यवस्था की गयी है।

मंगलवार को राधो सेवा संस्थान के बैनर तले इस प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी तारकेश्वर प्रसाद साह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर तरह की हुनर सीख रही हैं। कम्प्यूटर शिक्षा आज हर किसी के लिए जरूरी है। महिलाएं, लड़कियां ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग लेकर खुद का रोजगार भी कर रोजगारोन्मुखी योजना के रूप में यह प्रशिक्षण एक सही प्रयास रही। लड़कियों को ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग रेखा कुमारी व कम्प्यूटर की पढ़ाई प्रशांत कुमार करायेंगे। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सुरेश कुमार, राजेंद्र सिंह, रवि अमरनाथ, राजेश रंजन, कृष्णा चौधरी उर्फ पड़ाकन, संजय चौधरी आदि मौजूद थे।



प्रशिक्षण सत्र कार्यक्रम में भाग लेतीं महिलाएं ।● फोटो : हिन्दुस्तान

### अच्छी पहल

- एसजीएसवाई की महत्वपूर्ण योजना
- रोजगार दिलाने के क्षेत्र में किया जा रहा प्रयास

## कर्मचारी संघ मांगों को लेकर 13 को देगा धरना

नवादा। विभिन्न मांगों को लेकर अग्रगामी निर्माण कर्मचारी कामगार संघ की जिला इकाई ने 13 दिसंबर को कलेक्ट्रेट के सामने धरना देने का निर्णय लिया है। संघ के जिला महामंत्री दिनेश अकेला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शहर में मालगोदाम से एक प्रतिरोध मार्च निकाला जायगा। जो बाद में धरना में बदल जायेगा। नि.प्र.

# नप कार्यपालक पदाधिकारी ने किया प्रशिक्षण का शुभारम्भ

(नवादा कार्यालय)

नवादा। स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजनान्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुरूआत मंगलवार को नगर के वार्ड संख्या 09 में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी तारकेश्वर प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सुरेश सिंह, राधो सेवा संस्थान के सचिव निर्मला कुमारी, संजय कुमार चौधरी, कृष्ण चौधरी उर्फ पड़कन चौधरी, सी.टी. मैनेजर, राधा कुमारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उद्घाटन पश्चात संस्था के सचिव निर्मला कुमारी ने बताया कि संस्थान के द्वारा 150 युवतियों, महिलाओं को कम्प्यूटर तथा ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण देकर स्वावलम्बन बनाया जाएगा। उन्होने कहा कि 150 में 90 कम्प्यूटर तथा 60 ब्यूटीशन ट्रेड क लिए प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण का अवधि 6 माह का होगा।



उन्होने कहा कि सरकार का यह योजना काफी महत्वपूर्ण तथा लाभकारी साबित होगा। लोग इससे प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं स्वावलम्वन बनेगे तथा रोजगार से जुटकर अपने आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सक्षम होगे। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात संस्थान संख्या के 30 फिसदी लोगों को रोजगार उपलब्ध करायेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कई बैच में दिया जाएगा।